Under CSR Support by ipca | Foundation
missiongyan



JINENDER SONI
Founder, MISSION GYAN

## बहुविकल्पी प्रश्न

**1. कौन-सा अक्षांश वृत्त भारत के मध्य से गुजरता है?**

(अ) $23\frac{1}{2}°$ पूर्वी अक्षांश  (ब) $23\frac{1}{2}°$ पश्चिमी अक्षांश

(स) $23\frac{1}{2}°$ उत्तरी अक्षांश  (द) $23\frac{1}{2}°$ दक्षिणी अक्षांश

**2. भारत का सबसे पूर्वी देशांतर कौन सा है?**

(अ) 97° 25′ पू०  (ब) 77° 6′ पू०

(स) 68° 7′ पू०  (द) 82° 32′ पू०

**3. कर्क रेखा किस राज्य से नहीं गुजरती?**

(अ) उड़ीसा  (ब) राजस्थान

(स) छत्तीसगढ़  (द) त्रिपुरा

**4. ऐसा भू-भाग जो तीन ओर जल से घिरा होता है, उसे क्या कहते हैं?**

(अ) द्वीप समूह  (ब) जल-संधि

(स) द्वीप  (द) प्रायद्वीप

**5. भारत का सबसे उत्तरी अक्षांश क्या है?**

(अ) 68°70′  (ब) 8°4'

(स) 97°25'  (द) 37°6'

**6. कौन-सी देशान्तर को भारत की मानक मध्याह्न चुना गया है?**

(अ) 97°25′  (ब) 68°7'

(स) 82°30'  (द) $23\frac{1}{2}°$

**7. भारत में किस राज्य से कर्क रेखा गुजरती है?**

(अ) मध्य प्रदेश  (ब) सभी विकल्प सही हैं।

(स) गुजरात  (द) झारखण्ड

**8. ग्रीष्मावकाश में आप यदि कवरत्ती जाना चाहते हैं तो किस केंद्र शासित क्षेत्र में जाएँगे?**

(अ) दीव और दमन  (ब) लक्षद्वीप

(स) पुडुचेरी  (द) अंडमान और निकोबार

**9. उत्तराखण्ड, उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल और सिक्किम की सीमाएँ किस देश को छूती हैं?**

(अ) भूटान  (ब) चीन

(स) म्यांमार  (द) नेपाल

मिशन ज्ञान
पढ़ें: जब चाहें, जहां चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
VIDEO COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES

**10. जल-संधि को कहते हैं-**

(अ) पृथ्वी के आधे भाग

(ब) चारों ओर से जल से घिरे भू-खण्ड

(स) सागर तथा स्थल खण्ड को पृथक् करने वाली रेखा

(द) दो भू-खण्डों के मध्य का भाग जलीय भाग जो उन्हें अलग करता है।

## रिक्त स्थान

11. भारत का सबसे पूर्वी देशान्तर ________________ है।

12. चारों ओर जल से घिरे भू-भाग को ________________ कहते हैं।

## सत्य/असत्य

13. भारत व श्रीलंका को अलग करने वाली जल-संधि पाक जल-संधि है।

14. भारत के दक्षिण में प्रशांत महासागर है।

## अति लघूत्तरात्मक प्रश्न

15. भारत के भू-भाग का कुल क्षेत्रफल कितना है? यह विश्व के कुल क्षेत्रफल का कितने प्रतिशत है? .

16. भारतीय उपमहाद्वीप में किन किन पाँच देशों की गणना की जाती है?

## लघूत्तरात्मक प्रश्न

17. अरब सागर तथा बंगाल की खाड़ी में स्थित द्वीप समूह के नाम बताइए। दक्षिण में कौन-कौन से द्वीपीय देश हमारे पड़ोसी हैं?

18. भारत के किन-किन राज्यों से कर्क रेखा गुजरती है? नाम बताइए।

## निबंधात्मक प्रश्न

19. हिन्द महासागर में भारत की केन्द्रीय स्थिति का इसे किस प्रकार लाभ प्राप्त होता है?

20. विश्व में क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत की स्थिति स्पष्ट कीजिए।

## HOTS

21. भारत के सबसे पूर्वी तथा सबसे पश्चिमी क्षैतिज पर सूर्योदय के समय में कितना अंतर है और क्यों?

मिशन ज्ञान
पढ़ें: जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES

Under CSR Support by ipca Foundation
missiongyan LET'S LEARN TOGETHER
JINENDER SONI
Founder, MISSION GYAN

1. **(स)** $23\frac{1}{2}°$ उत्तरी अक्षांश
2. **(अ)** 97° 25′ पू.
3. **(अ)** उड़ीसा
4. **(द)** प्रायद्वीप
5. **(द)** 37°6'
6. **(स)** 82°30′
7. **(ब)**

   मध्य प्रदेश, झारखण्ड, गुजरात सभी राज्यों से कर्क रेखा गुजरती है।
8. **(ब)** लक्षद्वीप
9. **(द)** नेपाल
10. **(द)**

    दो भू-खण्डों के मध्य जल का संकरा भाग जो दो सागरों अथवा महासागरों को जोड़ता है।
11. 68°7 पूर्व
12. द्वीप
13. सत्य
14. असत्य

    भारत के दक्षिण में हिन्द महासागर है।
15. कुल क्षेत्रफल 32.8 लाख वर्ग कि.मी.।

    विश्व वे कुल क्षेत्रफल का प्रतिशत 2.4%।
16.
    i. भारत
    ii. पाकिस्तान
    iii. नेपाल
    iv. भूटान
    v. बांग्लादेश
17. अरब सागर में लक्षद्वीप तथा बंगाल की खाड़ी में अंडमान और निकोबार द्वीप समूह स्थित हैं। दक्षिण में श्रीलंका तथा मालदीव द्वीपीय देश हमारे पड़ोसी हैं।
18. कर्क रेखा गुजरात, राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, पश्चिमी बंगाल, त्रिपुरा और मिजोरम से होकर गुजरती है।
19.
    i. हिन्द महासागर में कोई भी देश ऐसा नहीं है, जिसकी तट रेखा इतनी लंबी नहीं है।
    ii. समुद्री मार्ग से यूरोप, पश्चिम एशिया, पूर्वी एशिया और अफ्रीका के राष्ट्र व्यापार करने के लिये भारत से होकर गुजरते है। जिसका लाभ भारत को होता है।

        अतः भारत में इन देशों के साथ घनिष्ठ सांस्कृतिक एवं व्यापारिक संबंध स्थापित किए।
    iii. इन सभी लाभों से भारत से जुड़ा होने के कारण भारत के नाम पर ही महासागर का नाम हिन्द महासागर रखा गया।

मिशन ज्ञान
पढ़ें : जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES

**20.**

i. भारत संसार का सातवाँ बड़ा देश है। इससे बड़े 6 देश हैं- रूस, कनाडा, संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन, ब्राजील तथा आस्ट्रेलिया।

ii. यह तीन गोलार्द्धों में स्थित है-उत्तरी गोलार्द्ध, पूर्वी गोलार्द्ध तथा स्थलीय गोलार्द्ध।

iii. इसका पूर्व-पश्चिम विस्तार 2933 किलोमीटर तथा उत्तर-दक्षिण विस्तार 3214 किलोमीटर है।

iv. भारत के भू-भाग का कुल क्षेत्रफल लगभग 32.8 लाख वर्ग कि. मी. है। भारत का क्षेत्रफल विश्व के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का 2.4% है। भारत एशिया में दूसरा सबसे बड़ा देश है।

v. पूर्वी सीमा पर बंगाल की खाड़ी, पश्चिमी सीमा पर अरब सागर तथा दक्षिणी सीमा पर हिंद महासागर इसकी प्राकृतिक सीमा निर्धारित करते हैं।

vi. पश्चिम में पाकिस्तान, उत्तर-पश्चिम में अफगानिस्तान, उत्तर तथा उत्तर-पूर्व में चीन, उत्तर में नेपाल, पूर्व में म्यांमार (बर्मा) तथा बांग्लादेश भारत की स्थल सीमा निर्धारित करते हैं।

**21.** भारत के सबसे पूर्वी क्षैतिज पर पश्चिमी सिरे की क्षैतिज से 2 घंटे पहले सूर्य उदय होता है। अर्थात् अरुणाचल प्रदेश का वासी जब अपनी प्रातः की दिनचर्या प्रांरभ करता है, उस समय गुजरात प्रदेश का वासी आराम से सोया होता है। दूसरी ओर सायं के समय अरुणाचल प्रदेश का वासी दैनिक कार्य को समाप्त कर विश्राम करने की स्थिति में होता है, उस समय गुजरात का वासी अपने दैनिक कार्य को समाप्त करने में जुटा होता है। इसके बावजूद दोनों राज्यों में घड़ी एक ही समय दर्शाती हैं

i. भारत का देशांतरीय विस्तार 30° है।

ii. दो देशांतरों के बीच सूर्य उदय होने में 4 मिनट का अंतर आता है। क्योंकि पूर्वी राज्य ओर पश्चिमी राज्य के बीच का अंतर बहुत ज्यादा है।

iii. पूर्वी और पश्चिमी सीमांतो पर 30 × 4 = 120 मिनट अर्थात् 2 घंटे का अंतर हो जाता है।

विज्ञान ज्ञान
पढ़ें जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES